# वेयर हाउस मालिकों की मनमानी

## सर्वेयर बनकर खरीदी प्रभारियो को कर परेशान

## सर्वेयर के द्वारा धान पास करने के बाद भी अलग करवाई जा रही बोरियां

**सिवनी नवभारत। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी अपने अन्तिम पडाव पर है किन्तु अब शासन द्वारा निर्धारित सर्वेयर की भूमिका वेयर हाउस मालिक तथा परिवार के सदस्य पूरी करते हुऐ अच्छी धान को भी रिजेक्ट कर धान खरीदी प्रभारीयो को परेशान करते नजर आ रहे है तथा अनावश्यक रूप से परेशान करने की गरज से सही धान को भी गलत साबित करने के प्रयास कर रहे है जबकि शासन द्वारा निर्धारित सर्वेयर के द्वारा धान की गुणवत्ता की जांच करने के उपरांत भंडारण केन्द्र मे भंडारित होती है किन्तु सर्वेयर को आज की स्थिति मे दरकिनार वेयर हाउस के मालिक तथा परिवार के सदस्य ही सर्वेयर बनकर सर्वेयर पर भारी पड रहे है तथा केन्द्र प्रभारी को ब्लेक मेल करने से भी बाज नही आ रहे है**



यहा यह भी उल्लेखनीय है की सिवनी जिले के गोदामो मे सर्वेयर द्वारा रिजेक्ट की धान की बोरिया लम्बे समय से गोदामो के बाहर रखी गई है जबकि इस सम्बध्द मे धान खरीदी समिति को अभी तक यह भी जानकारी नही है की उनकी बोरिया रिजेक्ट है।

इससे साफ अन्दाजा लगाया जा सकता है की प्रशासन की नाक के नीचे वेयर हाउस मालिक किस

### गोदाम मे रिजेक्ट धान भी बढा रही है शोभा

तरह अपनी मनमानी कर रहे है तथा अन्तिम समय मे धान खरीदी प्रभारी अथवा समिति को इन वेयर हाउस मालिक के चक्कर मे ब्लेक मेल का शिकार होना पडेगा जबकि वेयर हाउस मालिक अथवा उसके परिवार के किसी भी सदस्य के अधिकार छेत्र मे यह नही है की वह परिवहन मे गये ट्रको की परखी लगाकर जांच करे किन्तु सिवनी जिले की उपार्जन कमेटी की नाक के नीचे यह सारा खेल खुलेआम चल रहा है जो जिले की संवेदन शील जिला कलेक्टर के लिये सबसे बडी चुनौती है।

### गोदामो की जांच हो तो काला सच सामने होगा

यहा यह भी उल्लेखनीय है की राजनैतिक प्रभाव से जुडे गोदाम मालिक जिनके गोदामो मे खरीदी केन्द्र की धान का भंडारण हो रहा है जमीनी हकीकत मे जांच हो जाये तो यह भी सत्यता सामने आ जायेगी की किस तरह सर्वेयर को नजर अंदाज कर गोदाम मालिको ने अमानक धान का भंडारण अपने गोदाम मे किया है जब इस सम्बध्द मे गोदाम मालिक से बात की गई तो उसका कहना है मिलर्स को धान प्रदाय के समय हमारी जवाबदारी होती है की कैसा माल गोदाम से देना है किन्तु परखी लगाकर धान की जांच करने के मामले मे यह भी बात गोदाम प्रभारी ने स्वीकार की सर्वेयर के अलावा हमारा भी काम धान की गुणवत्ता की जांच करने का है इससे साफ हो गया की अब सर्वेयर की भूमिका वेयर हाउस के मालिक के सामने कुछ नही और इस बात से भी इन्कार नही किया जा सकता की धान उपार्जन कमेटी की नाक के नीचे गोदाम मालिक अपनी मनमानी कर रहे है।

# पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम के तहत सतत जीवनशैली कार्यशाला

**नवभारत न्यूज छिंदवाड़ा,28 जनवरी. पर्यावरण के लिए जीवनशैली कार्यशाला के अंतर्गत नगर के बालाजी पब्लिक स्कूल में ईको क्लब के द्वारा पर्यावरण संरक्षण विषय पर फोटोग्राफी एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं ने मिशन लाइफ स्टाइल फॉर एनवायरमेंट के अंतर्गत ड्राइंग बनाकर पर्यावरण संरक्षण का सन्देश दिया।**



गत दिवस स्थानीय धरम टेकड़ी जाकर विद्यार्थियों द्वारा प्रकृति से सम्बंधित फोटोग्राफी की गयी थी इसके अलावा एक दिवसीय पर्यावरणीय भ्रमण भी किया गया था जिसकी फोटो प्रदर्शनी विद्यालय में लगाई गई। फोटोग्राफी एवं चित्रकला प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित किये गए एवं प्रमाण पत्र व पुरुस्कार प्रदान किये गए। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्तर के पर्यावरण संरक्षक देवेन्द्र उपासनी उपस्थित हुए। उन्होंने पर्यावरण के संरक्षण के लिए सभी से पॉलीथीन का उपयोग ना करने की अपील की। इनके गीतों की श्रृंखला को मध्यप्रदेश शासन ने अपने स्वच्छता अभियान में शामिल किया है। पर्यावरणविद विनोद तिवारी ने जीवनशैली को पर्यावरण के अनुकूल बनाने हेतु प्रेरित किया एवं इस दिशा में विद्यालय के द्वारा किए जा रहे सतत प्रयासों की सराहना की। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमति बी अनुराधा नायडू द्वारा पर्यावरण संरक्षण के महत्व को दर्शाते हुए इस दिशा में किए जा रहे नये-नये उपायों को अमल में लाने के लिए कहा गया। उनके समुचित निर्देशन एवं मार्गदर्शन में ईको क्लब प्रभारी पंकज बरनवाल, शिक्षक फिरोज़ अली, जावेद खान, नरेश जोशी, आनंद वर्मा, सोनम श्रीवास्तव एवं अर्पिता शर्मा की सक्रिय भूमिका में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## एक नजर में

### पिकअप की टक्कर से युवक की मौत

**छिंदवाड़ा।** उमरानाला चौकी क्षेत्र के सिल्लेवानी के रहने वाले युवक ने बीती रात सड़क हादसे में दम तोड़ दिया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। जानकारी अनुसार मलेष पिता जोहरलाल इवनाती उम्र 26 साल सिल्लेवानी का रहने वाला है। वह कल अपने घर लौट रहा था। इस दौरान मलेष का सिमरिया के पास पिकअप ने टक्कर मार दी। इस हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची 108 से घायल हो जिला अस्पताल लाया गया। जहां डाक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद पीएम कर शव परिजनों को सौंप दिया है।

### जहर सेवन से युवती की मौत

**छिंदवाड़ा।** उमरानाला चौकी क्षेत्र के सिल्लेवानी की रहने वाली युवती की बीते दिन जहर सेवन से मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। जानकारी अनुसार ज्योति पिता सुखदेव परतेती उम्र 30 साल सिल्लेवानी की रहने वाली है। बुधवार की सुबह उसने अज्ञात कारणों के चलते उसने जहर का सेवन कर लिया था। जिसके बाद उसे उल्टियां होने लगी। परिजनों ने उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां इलाज के युवती ने दम तोड़ दिया। पुलिस पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया।

### नगर निगम की अतिक्रमण पर कार्यवाही जारी

**छिंदवाड़ा.** नगर निगम द्वारा शहर में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में वार्ड क्रमांक-10 कालीबाड़ी मंदिर के पास शासकीय भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिये पूर्व में अतिक्रमणकारियों को स्वयं अतिक्रमण हटाने के लिए 7 दिवस का समय दिया गया था। निर्धारित समय अवधि पूर्ण होने के बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाए जाने पर निगम अमले द्वारा मौके पर पहुंचकर संबंधित को 3 दिवस के भीतर अतिक्रमण हटाने का अंतिम अवसर प्रदान किया गया। वहीं वार्ड क्रमांक 7 पी.जी. कॉलेज रोड पर कुछ दुकानदारों द्वारा सड़क पर चबूतरे एवं गुमठी लगाकर किए गए अतिक्रमण को निगम दल द्वारा हटाया गया। इस दौरान दो हाथ ठेले जप्त कर फटका मशीन परिसर पहुंचाए गए। नगर निगम द्वारा आगे भी अतिक्रमण के विरुद्ध सख्त कार्यवाही जारी रखने की बात कही गई है।

### वी बी - जी राम जी को लेकर भाजपा का जिला सम्मेलन 30 जनवरी को

**छिंदवाड़ा.** विकसित भारत रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) के लिए गारंटी विधेयक 2025 के जिला संयोजक एवं किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष संजय पटेल ने बताया कि दिनांक 30 जनवरी, दिन शुक्रवार दोपहर 12 बजे जिला भाजपा कार्यालय में जिला सम्मेलन रखा गया है। भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव, सांसद बंटी विवेक साहू, विधायक राजा कमलेश शाह सम्मेलन को संबोधित करेंगे। श्री पटेल ने बताया कि सम्मेलन में भाजपा के जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल स्तरीय टोली के संयोजक, सहसंयोजक, जिला पंचायत उपाध्यक्ष, सदस्य, जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा जिला पंचायत, जनपद पंचायत के जीते हारे प्रत्याशी, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के पूर्व संचालक, जिला सहकारी भूमि विकास बैंक के पूर्व संचालक, कृषि उपज मंडी के पूर्व संचालक, विपणन सहकारी समिति के पूर्व अध्यक्ष, किसान मोर्चा के जिला पदाधिकारी एवं मंडल अध्यक्ष शामिल होंगे। श्री पटेल ने बताया कि प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव द्वारा जुन्नारदेव विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी आशीष ठाकुर, भाजपा के पूर्व जिला मंत्री तथा पूर्व मंडी अध्यक्ष पंडित बसंत चौबे, तथा वरिष्ठ भाजपा नेता शिव पटेल सहसंयोजक नियुक्त किए गए है। वी बी - जी राम जी के जिला संयोजक संजय पटेल ने सभी अपेक्षित पदाधिकारी एवं दायित्वों कार्यकर्ताओं से सम्मेलन में शामिल होने का आग्रह किया हैं।

### राजकुमार सनोडिया ने बच्चों को भेंट किए उपहार

**सिवनी।** विगत दो दशक हो चले जनहित में समाज हित में काम करने वाले एवं आठवी, दसवीं, बारहवीं कक्षा में प्रथम,द्वतीय,तृतीय अंक अर्जित करने वाले बालक,बालिकाओं को हमेशा की तरह इस बार भी 26जनवरी को मात्रधाम कातलबोडी की पाठशाला में डा राजकुमार सनोड़िया द्वारा दस्तावेज फ़ाइल,पेन,एवं प्रतीक चिन्ह सासम्मान भेंट करते हुए बालक बालिकाओं के उज्जवल भविष्य की कामना की एवं अपने अभिभाषण में पाठ शाला परिवार की प्रसंशा करते हुए सभी उपस्थित जनों को 77वे गणतंत्र दिवस की बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाये दी।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतन्त्र दिवस



**नवभारत न्यूज छिंदवाड़ा,28 जनवरी, भारत गणराज्य का एक राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस को प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी 77 गणतन्त्र दिवस बहुत ही हर्षोल्लास के साथ शा. सांदीपनि विद्यालय दगुआ के साथ-साथ एसटीव एससी छात्रावास में मनाया गया।**

जिसमे सर्व प्रथम छात्रावास अधीक्षको प्रहलाद पाल और बब्लू वानवंशी के साथ शा. सांदीपनि विद्यालय की प्राचार्या एस मती गौरी कैलावाग ने छात्रावास में ध्वजारोहण किया उसके बाद एनसीसीपरेड के साथ ध्वज की सलामी देकर सांदीपनि विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक सुखदेव ताराम ने ध्वजारोहण किया.

तत् पश्चात राष्ट्रगान गया . जिसमे सभी गणमान्य विद्यालय का स्टॉफ भी शामिल हुआ। तत् पश्चात मिष्ठान वितरण एवं माध्यमिक विभाग में मध्यान भोजन भी बच्चो को प्रदान किया गया। उसके बाद एनसीसी परेड के साथ रैली पूरे अनुशासन के निकाली गई जिसको नगरपालिका सीएमओ द्वारा संर संचालित सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल करने हेतु चिल्ड्रन पार्क दमुआ तक पहुंचाया गया और वहा कार्यक्रम सकुशल स पन्न हुआ.

# बैंकिंग कर्मचारियों ने की चौबीस घंटे की हड़ताल व धरना प्रर्दशन

**सिवनी नवभारत।** पांच दिवसीय बैंकिंग सप्ताह की मांग को लेकर आज हड़ताल एंव धरना प्रर्दशन व रैली निकाल कर वित्तमंत्री एंव केन्द्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रर्दशन किया गया। आज बैंकों की हड़ताल होने की वजह से बैंकों के कामकाज ठप रहे और ग्राहक अपने बैंकिंग कामो के लिए परेशान होते रहे। राष्ट्रव्यापी हड़ताल आवाहन पर आज सिवनी जिले सहित पूरे देश में पांच दिवसीय बैंकिंग सप्ताह लागू करने एंव शेष सभी शनिवारो को बैंक अवकाश घोषित करने की मांग को लेकर आज सिवनी सहित पूरे देश मे बैंकिंग कर्मचारियों ने एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल की। इस हड़ताल का आज व्यापक असर पूरे सिवनी जिले में देखने को मिला, जहाँ भारतीय स्टेट बैंक(एसबीआई) समेत अधिकांश राष्ट्रीयकृत बैंकों की शाखाओ के कर्मचारियों में कामकाज पूरी तरह ठप रहा। बैंकिंग कर्मचारियों ने हड़ताल एसबीआई की मुख्य शाखा बारापत्थर से शहर के प्रमुख चौक चौराहों पर रैली निकाली और वित्तमंत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इसके पश्चात कर्मचारियों द्वारा अपनी मांगों के




समर्थन में प्रशासन के माध्यम से केंद्र सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा गया। प्रदर्शन पूरी तरह से शांतिपूर्ण रहा, लेकिन बैंकिंग कर्मचारियों ने स्पष्ट किया कि मांगे पूरी न होने पर आंदोलन को आने वाले समय मे और तेज किया जाएगा। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन (यूएफबीयू) सिवनी के संयोजक राकेश टेकाम एवं एसबीआई अधिकारी संघ के क्षेत्रीय सचिव प्रकाश राहंगडाले ने बताया कि यूएफबीयू के आह्वान पर 27 जनवरी को एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि 12वें द्विपक्षीय वेतन पुनरीक्षण समझौते के समय भारतीय बैंक संघ (आईबीए) और यूएफबीयू के बीच 5-दिवसीय बैंकिंग सप्ताह पर भविष्य में शीघ्र वार्ता कर समाधान का आश्वासन दिया गया था, लेकिन पिछले दो वर्षों में इस दिशा में कोई सकारात्मक पहल नहीं हुई।

यूनियन पदाधिकारियों ने बताया कि कर्मचारियों की यह मांग न्यायोचित है, जिससे कार्य-जीवन संतुलन बेहतर होगा और बैंकिंग व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाया जा सकेगा। यदि सरकार शीघ्र निर्णय नहीं लेती है, तो आने वाले समय में आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

### ग्राहकों को हुई भारी परेशानी, लेनदेन रहा बंद

शनिवार से लगातार तीन दिनों की छुट्टी के बाद मंगलवार को बैंक खुलने की उम्मीद लगाए ग्राहकों को हड़ताल के कारण भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बैंक शाखाओं में दिनभर सन्नाटा पसरा रहा। नकद लेन-देन, चेक क्लियरेंस, ड्राफ्ट, पासबुक एंट्री सहित काउंटर से जुड़ी सभी सेवाएं प्रभावित रहीं। कई ग्राहक जरूरी कार्य न हो पाने के कारण निराश होकर लौटते नजर आए। हालांकि राहत की बात यह रही कि एटीएम, यूपीआई और इंटरनेट बैंकिंग सेवाएं अधिकांश स्थानों पर सामान्य रूप से चालू रहीं।

### संभागायुक्त ने न्यायालयों एवं कार्यालयों का रोस्टर निरीक्षण

सिवनी। संभागायुक्त धनंजय सिंह द्वारा आज सिवनी जिले मे भ्रमण के दौरान राजस्व न्यायालयों का निरीक्षण कर लंबित प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कलेक्टर, एसडीएम एवं तहसीलदार राजस्व न्यायालयों का निरीक्षण कर विभिन्न प्रकरणों की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि लंबित मामलों का त्वरित निराकरण करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजली शाह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। आयुक्त द्वारा एसडीएम और तहसीलदार कोर्ट में आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज सीमांकन, बंटवारा एवं नामांतरण के लंबित प्रकरणों की स्थिति का अवलोकन किया।



# खैरमाई मंदिर में राम कथा एवं हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन

**कुड़ारी नवभारत।** 27 जनवरी को खेरमाई मंदिर प्रांगण में आयोजित राम कथा के साथ ही एक भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन एवं विभिन्न वर्गों के लोग उपस्थित हुए। कार्यक्रम में मातृशक्ति वक्ता के रूप में योग शक्ति बीके आस्था दीदी जी उपस्थित रहीं। मुख्य वक्ता के रूप में स्वामी श्री श्रद्धानंद बलवंतानंद जी महाराज ने अपने ओजस्वी उद्बोधन से धर्म, संस्कृति और राष्ट्रभाव की महत्ता पर प्रकाश डाला। वहीं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से पधारे श्री विश्वनाथ जी ने संघ के शताब्दी वर्ष (100 वर्ष) के अवसर पर संघ के संघर्ष, राष्ट्र सेवा, राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता विषय पर विस्तार से विचार रखे। कार्यक्रम में राम कथा के माध्यम से धर्म, मर्यादा और संस्कार का सुंदर संदेश दिया गया। आयोजन उपरांत श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद भंडारा का वितरण किया गया।

# एआई से न्यूड फोटो बनाने वाले नाबालिग आरोपी धराए

## सोशल मीडिया से फोटो एडिट कर बनाई थी पिक, पुलिस ने दो आरोपियों पर किया मामला दर्ज

**नवभारत न्यूज छिंदवाड़ा,28 जनवरी सोशल मीडिया के जमाने में किसी की पिक की मदद से किसी भी तरह का फोटो या वीडियो आसानी से बनाया जा सकता है। इस तरह के मामलों में आए दिन कोई न कोई पुरूष या महिला इसका षिकार हो रही है। इसी तरह का एक मामला कोतवाली में देखने मिला।**

जहां एआई के माध्यम से नाबालिग आरोपियों ने तीन पीड़िता की न्यूड पिक बना डाली। षिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

जानकारी अनुसार दो नाबालिग आरोपियों ने तीन पीड़िता की सोशल मीडिया से पिक निकालकर उनकी न्यूड फोटो बना डाली। इसके बाद दोनों आरोपी अपने दोस्त को वह न्यूड पिक दिखा रहे थे। इसके बाद दोस्त ने जाकर पीड़िता के भाई को यह मामला जाकर बता दिया। मामले की जानकारी मिलते की उनके परिजन सीधे कोतवाली पहुंचे। जहां पुलिस का यह वाक्या बताया। इसके बाद पुलिस ने दोनों नाबालिग आरोपियों को अभिरक्षा में ले लिया है। शिकायत के बाद आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। बीती रात पुलिस ने दोनों आरोपियों पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों पर धारा 79 बीएनएस, 67 आईटी के तहत मामला दर्ज किया है।

**इसके पहले भी आ चुके मामले**

शहर में इस तरह के मामले पहले भी आ चुके है। इसके पूर्व में मोबाइल के माध्यम से युवतियों और महिलाओं इस जाल में फंसा चुके है। जिसके बाद पीड़ितों को ब्लैकमैल किया जा चुका है। इस तरह पीड़ितों को परेशान किया है।

**सम्मेलन** 2 फरवरी को घंसौर के नए बस स्टेंड में आयोजित होगा विराट हिंदू समागम, स्वामी प्रज्ञानंद जी करेंगे शिरकत

# विराट हिंदू सम्मेलन को लेकर आयोजित हुई पत्रकार वार्ता

**घंसौर नवभारत।** नगर में हिन्दू सम्मेलन को लेकर सभी जाति बिरादरी प्रमुखों का समर्थन मिला सभी ने ऐसे आयोजनों की आवश्यकता महसूस की तन, मन, धन से समर्थन का भरोसा दिया। आगामी 2 फरवरी दिन सोमवार को विराट हिंदू समागम होने जा रहा है जिसको लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की वृहद स्तर पर तैयारियां इन दिनों नगर में देखी जा रही है इसी तारतम्य में बुधवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारियों द्वारा एक पत्रकारवार्ता का आयोजन किया गया पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के सहसंयोजक दीपक अग्रवाल ने बताया की घंसौर के नए बस स्टेंड में आगामी



2 फरवरी दिन सोमवार को सुबह 10 बजे से विराट हिंदू समागम का आयोजन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा किया जा रहा है जिसमें सभी जातियों सभी वर्गों एवं सभी राजनैतिक और सामाजिक संगठनों को आमंत्रित किया गया है। दीपक अग्रवाल ने आगे बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पूरे देश में विराट हिंदू सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं इसी क्रम में घंसौर में भी कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जिसको लेकर तैयारियां अंतिम चरण में चल रही है कार्यक्रम के सहसंयोजक अनिल नेमा ने जानकारी देते हुए बताया कि 2 फरवरी को सुबह 10 बजे स्थानीय श्रीराम मंदिर से खेरमाई तक विशाल शोभायात्रा के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की जाएगी जिसमें स्वामी प्रज्ञानंद जी महाराज विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे । कार्यक्रम का उद्देश्य सकल हिन्दू समाज को एक मंच में लाकर एक सूत्र में पिरोना है इसी कार्यक्रम के तहत पूरे नगर से सहयोग करके नगर भोज किया जाएगा कार्यक्रम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े विशेष अतिथियों की भी उपस्थिति रहेगी । भव्य दिव्य कलश यात्रा जिसमें 1100 की संख्या में मातृशक्ति के सामिल होने की उम्मीद है। घंसौर में आयोजित इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आरएसएस द्वारा क्षेत्र और नगर के सभी लोगों से कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने को अनुरोध किया गया है। पत्रकार वार्ता में मुख्य रूप से सरस्वती वंशकार, कार्यक्रम संयोजक दीपक अग्रवाल, सह संयोजक अनिल नेमा, देवेंद्र जैन, सुरेंद्र शर्मा, प्रमोद पटेल, सत्येंद्र पटवा सहित घंसौर नगर के सभी पत्रकार साथी उपस्थित रहे।

# छात्रों में मानसिक तनाव रोकने जिला राष्ट्रीय टास्क फोर्स का हुआ गठन

**सिवनी नवभारत।** देश के शैक्षणिक संस्थानों में छात्रों की बढ़ती आत्महत्या की गंभीर स्थिति पर माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के अनुपालन में मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग के सभी शासकीय और प्राइवेट कॉलेजों में राष्ट्रीय टास्क फोर्स इकाइयों का गठन किया जाना है. इसी अनुक्रम में, जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस में राष्ट्रीय टास्क फोर्स (एनटीएफ) की जिला इकाई का गठन किया गया. एनटीएफ की जिला इकाई की बैठक को संबोधित करते हुए जिला कलेक्टर शीतला पटले ने कहा कि जिले के सभी शैक्षणिक संस्थानों में छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाने के लिए ध्यान देना होगा. कलेक्टर ने निर्देशित करते हुए कहा कि सभी कॉलेजों में प्रेरणाप्रद जीवनी, आत्मकथा और प्रेरक




साहित्य छात्र-छात्राओं के लिए उपलब्ध कराया जाना चाहिए. सभी संस्थाओं में एनटीएफ इकाइयों के अंतर्गत अभिभावक-शिक्षक संघ स्थापित कर सक्रिय संवाद स्थापित करना होगा. कलेक्टर ने कहा कि क्लब-कल्चर के माध्यम से छात्र-छात्राओं का मानसिक दबाव कम किया जा सकता है. कलेक्टर ने कहा कि संस्थानों में प्रवेश के समय कैंप और शिविर लगाकर छात्र-छात्राओं में मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का पता लगाया जाना सुनिश्चित किया जाए. बेहतर मानसिक स्वास्थ्य के लिए समय-समय पर कार्यशालाएं आयोजित होनी चाहिए. कलेक्टर ने कहा कि शिक्षा संस्थानों को तंबाकू और नशा मुक्त परिसर बनाने की पहल सुनिश्चित करना होगा. कलेक्टर शीतला पटले ने कहा कि छात्रों में आत्महत्या और मानसिक तनाव को रोकना हमारा नैतिक दायित्व है.